CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665







# धार्मिक अनुष्ठान, कन्यापूजन और विभिन्न सांस्कृत आयोजनों के साथ रामनवमी पर देशभर में भगवान श्रीराम का किया गया पूजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव(रामनवमी) पर देशभर में धार्मिक अनुष्ठान, कन्यापूजन और विभिन्न सांस्कृत आयोजनों के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर प्रभू श्रीराम का पूजन किया गया। इस मौके पर अयोध्या में श्री राम मंदिर को सजाया गया और शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों रामभक्त शामिल हुए। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम का पूजन किया और कन्याओं के पैर धोकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सामुहिक रामायण का पाठ किया गया। हवन पूजन के बाद भक्तों को प्रसादी वितरित की गई।



**सीएम योगी ने कन्या पूजन किया और उनके चरण धोए**



न्यूटाउन में शोभायात्रा रोकने का आरोप

## बंगाल में कड़ी सुरक्षा के बीच रामनवमी पर बवाल

**कोलकाता।** बंगाल में रविवार सुबह रामनवमी का पर्व शोभायात्राओं और 'जय श्री राम' के नारों के साथ शुरू हुआ। कुछ जगह बवाल की खबरें है। भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी ने रविवार को दावा किया कि कोलकाता के बाहरी इलाके न्यूटाउन से उनके नेतृत्व में निकाली।रामनवमी शोभायात्रा को



पुलिस ने रोक दिया, जिससे मार्ग बदलना पड़ा। केस्टोपुर के निकट शोभायात्रा रोके जाने के बाद चटर्जी बहस करती दिखीं।

## खबर संक्षेप

### अभिनेत्री जैकलीन की मां का निधन,बीमार थीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मां किम फर्नांडीज का निधन हो गया है। उन्हें 24 मार्च को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल और रिसर्च सेंटर में दिल का दौरा पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था और कथित तौर पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में 13 दिनों तक संघर्ष करने के बाद आज उन्होंने अंतिम सांस ली। जैकलीन की मां के निधन की खबर सामने आने के बाद अभिनेत्री के पिता एलरॉय फर्नांडीज अन्य करीबी रिश्तेदारों के साथ अस्पताल पहुंचे।



### सरकारी मेडिकल कॉलेज में मिली छात्रा की लाश

**कोच्चि।** कलमस्सेरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की एक छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में लटकी हुई पाई गई। मृतक अम्बिली तीसरे वर्ष की मेडिकल छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे अंबिली के हॉस्टल के साथी ने उसे छत के पंखे से लटका हुआ देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है और पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना के कारण जांच के बाद पता चलेगा।



### लव यू मां, मैं जा रही हूं छात्रा ने लगाई फांसी

**वडोदरा।** यहां 16 साल की लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही लड़की की मां ने उसे दोस्त को रोज-रोज लिफ्ट देने पर डांट लगाई थी। इस घटना के दो दिन बाद ही लड़की ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस दौरान लड़की अपने छोटे भाई के साथ घर पर अकेली थी और मां पड़ोस के घर में किसी काम से गई हुई थी। पुलिस के मुताबिक मां जब घर वापस लौटी तो उन्होंने देखा कि उनकी बेटी फंदे से लटकी हुई है।



रामेश्वरम में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था दोगुनी, ब्रिज में योगदान देने वाले श्रमिक को दिया धन्यवाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। इससे रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे।

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में पहुंचे। यहां पर उन्होंने पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया। पीएम ने राम नवमी के अवसर पर रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस खास दिन पर मुझे 8300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं को सौंपने का अवसर मिला। ये रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी। मैं इन परियोजनाओं के लिए तमिलनाडु के अपने भाइयों और बहनों को बधाई देता हूं। मैं अपने इंजीनियरों और श्रमिकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। यह पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है। रामेश्वरम में पीएम मोदी ने कहा कि आज रामनवमी का पावन पर्व है। पंबन ब्रिज से लोगों का जीवन आसान होगा। 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था दोगुनी हुई है। ब्रिज से नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। देश में निर्माण का काम तेजी से जारी है।

**8300** करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा



**कड़े परिश्रम को सराहा**

### पीएम ने श्री राम के सूर्य तिलक का जिक्र किया

समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज राम नवमी का पावन पर्व है, अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे रामनाथस्वामी मंदिर में प्रार्थना करने का मौका मिला। पीएम ने कहा कि हजारों साल पुराने शहर को 21वीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जोड़ा जा रहा है।

### चारों दिशाओं में तेजी से काम हो रहा

प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम में कहा कि आज देश में बहुत तेजी से मेगा प्रोजेक्ट पर काम हो रहा है। आप नोर्थ में देखेंगे तो जम्मू कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज में से एक 'चिनाब ब्रिज' बना है। वेस्ट में जाएंगे तो मुंबई में देश का सबसे लंबा सी ब्रिज 'अटल सेतु' बना है। ईस्ट में जाएंगे तो असम के 'बोगीबील ब्रिज' के दर्शन होंगे। साउथ में आते हैं तो दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक 'पंबन ब्रिज' का निर्माण पूरा हुआ है। पीएम मोदी ने आगे कहा, 'विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल है। मैं मानता हूं, तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत की ग्रोथ उतनी तेज होगी। बीते दशक में, तमिलनाडु के विकास के लिए 2014 की तुलना में तीन गुना ज्यादा पैसा केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है।'

### तमिलनाडु को 3 गुना ज्यादा पैसा दिया फिर भी रोते हैं

उन्होंने कहा कि देश के हर कोने में फ्रेट कॉरिडॉर पर काम किया। सरकार ने तमिलनाडु को 3 गुना ज्यादा पैसा दिया है। तमिलनाडु का विकास हमारी प्राथमिकता है। फिर भी कुछ लोग बिना कारण रोते रहते हैं। यह भारत रत्न डॉ. कलाम की भूमि है। उनके जीवन ने हमें दिखाया कि विज्ञान और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक हैं। पिछले 10 वर्षों में हमने रेल, सड़क, एयरपोर्ट, पानी, बंदरगाह, बिजली, गैस पाइपलाइन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट में करीब 6 गुना वृद्धि की है। आज देश भर में बड़े निर्माण प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उत्तर में, जम्मू-कश्मीर में, दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक, चेनाब ब्रिज, बनकर तैयार हो चुका है। पश्चिम में, मुंबई में, भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल, अटल सेतु, बनाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हुए प्रभावित

## बंगाल के शिक्षक काम पर लौटे, बोले- बच्चों की पढ़ाई का क्या होगा?



बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल लौटे शिक्षक भावुक होते देखे गए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित होने वाले लोगों के साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर इसका कितना असर होगा, इसे लेकर भी तमाम सवाल उठ रहे हैं। इस बीच कई शिक्षक और कर्मचारी कक्षाओं में लौट आए हैं। उन्होंने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि स्टूडेंट्स को किसी तरह की परेशानी ना हो। रिपोर्ट के मुताबिक, कई शिक्षकों ने कहा कि अदालत के फैसले के बाद कई स्कूलों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं और इसे देखते हुए ही उन्हें अपने काम पर लौटना पड़ा है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की सरकार फैसले से प्रभावित लोगों को यह भरोसा दिलाने की पूरी कोशिश कर रही है कि वह उनके साथ खड़ी है। ममता बेनर्जी ने कहा है कि वह अदालत का सम्मान करती हैं लेकिन इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। एक शिक्षक ने कहा कि हमें उस अपराध की सजा क्यों दी जानी चाहिए जिसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह स्कूल इसलिए आए हैं क्योंकि उनके पास कुछ जिम्मेदारियां हैं और वह इन्हें अनदेखा नहीं कर सकते।एक स्कूल में बायोलॉजी के टीचर ने कहा कि हम अपने स्टूडेंट्स को लेकर चिंतित हैं क्योंकि वे अभी-अभी क्लास 12वीं में गए हैं। जब मुझसे प्रिंसिपल ने अनुरोध किया कि मैं क्लास लेने के लिए आऊं तो मैंने दोबारा इसके बारे में नहीं सोचा।

### स्कूलों के सामने बड़ा संकट

इसी तरह एक हाई स्कूल में लैब असिस्टेंट का काम करने वाले सुभाष चंद्र मंडल ने कहा कि हेड मास्टर ने मुझे बुलाया इसलिए मैं आया हूं लेकिन मैं पिछले दो दिनों से सो नहीं पाया हूं। कई स्कूलों के प्रमुखों ने कहा है कि टीचर्स को वापस बुलाना एक मुश्किल फैसला था। एक स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि पार्ट टाइम टीचर्स को नियुक्त किए जाने के मामले में स्कूल मैनेजमेंट के साथ बातचीत की जाएगी।

आगामी विस चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी

## प्रियंका गांधी को मिल सकती है चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी, सीडब्लूसी में बड़े उलटफेर की संभावना

▶▶ नई दिल्ली



गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी महाधिवेशन में संगठन को लेकर बडे बदलाव किये जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस एक नया इलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम बनाने की योजना बना रही है, जिसका नेतृत्व एआईसीसी महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाडा को दिया जा सकता है! इस विभाग का उद्देश्य चुनावी रणनीति को मजबूत करना, स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल बनाना, और पार्टी को जमीनी स्तर पर सक्रिय करना होगा। यह कदम कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार करने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। कांग्रेस अधिवेशन पार्टी के लिए संगठनात्मक बदलावों का एक बड़ा मंच होगा। सूत्रों ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की उच्चाधिकार प्राप्त वर्किंग कमेटी, सीडबलूसी में भी व्यापक फेरबदल की संभावना है। निष्क्रिय सदस्यों को हटाया जा सकता है। नए अपेक्षाकृत युवा चेहरों को मौका दिया जा सकता है।

आगामी 8-9 तारीख को दो दिवसीय अधिवेशन में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का जुटान अहमदाबाद में होगा। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी 64 सालों के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में इस तरह का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित कर रही है। 8 और 9 को महात्मा गांधी की आइडियोलॉजी पर चलने वाली कांग्रेस पार्टी गांधी की धरती से नए कांग्रेस के गठन का संकल्प लेकर व्यापक विमर्श करेगी।

### नई जिम्मेदारी चर्चा का विषय रहेगी

देशभर से तकरीबन 3 हजार डेलीगेट्स की उपस्थिति में साबरमती नदी के तट पर विशेष रूप से तैयार किये गये पंडाल में अगले दिन 9 तारीख को नेशनल कंवेंशन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।पूरे अधिवेशन में प्रियंका गांधी वाडा के लिए प्रस्तावित नई जिम्मेदारी चर्चा का विषय रहेगी, ऐसी संभावना है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटें जीतकर बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन उसके बाद हुए कई राज्य विधानसभा चुनावों (जैसे हरियाणा, दिल्ली आदि) में पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। दिल्ली में तो कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी। इन हार के बाद पार्टी नेतृत्व को यह एहसास हुआ कि चुनावी रणनीति और प्रबंधन में सुधार की सख्त जरूरत है। प्रियंका गांधी को इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले भी उत्तर प्रदेश में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं।

भाजपा ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

## जेपी नड्डा बोले- राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है पार्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। आज के दिन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालयों और जिला-ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में पार्टी का झंडा फहराकर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया।

उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है और यही कारण है कि आज वह राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ देश के दर्जनों राज्यों में सत्ता में है। दिल्ली में पार्टी की 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता शकुंतला आर्या से जेपी नड्डा ने उनके आवास पर जाकर मुलाक़ात की और उनके निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया। नड्डा ने कहा



कि ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार रहे हैं। पार्टी आज जो कुछ भी है, वह इन्हीं कार्यकर्ताओं की बदौलत है। उनके साथ इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री और अन्य कार्यकर्ता रहे। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पार्टी देशहित को अपना सर्वोपरि समझती है। इसी का परिणाम है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनी है।

मध्य प्रदेश में 8-10 अप्रैल के बीच हीटवेव चलेगी, पड़ेगी भीषण गर्मी

# सावधान: एक दो दिन में लगभग पूरा भारत होगा हीटवेव की चपेट में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले चार से पांच दिनों तक गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब में हीटवेव चलने वाली है। यानी कि इन राज्यों में रहने वाले लोगों को गर्मी से सावधान रहने की जरूरत है। इसके अलावा, पूर्वोत्तर भारत में 7-10 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी तूफान व बिजली कड़कने का नया दौर आएगा। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और कर्नाटक में आंधी तूफान व बारिश रिकॉर्ड की गई। असम, मेघालय, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम में ओले भी गिरे। वहीं, गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीटवेव चली। कई राज्यों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम में 6 अप्रैल, केरल माहे में 6 और 7 अप्रैल, कर्नाटक में छह से आठ अप्रैल, पूर्वोत्तर भारत में 7-10 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी तूफान का अलर्ट है। गंगीय पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय में छह अप्रैल, बिहार में नौ अप्रैल को ओले गिरेंगे। वहीं, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माह में 7 और, असम, मेघालय में नौ और 10 अप्रैल को भारी बरसात होगी।

### दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में होगी बारिश

**नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कल से दस्तक देगा**

पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कल यानी आठ अप्रैल से दस्तक देने जा रहा है। इसकी वजह से जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में 9 और 10 अप्रैल को बारिश होगी। वहीं, 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलने का अनुमान है। वहीं, जम्मू कश्मीर, लद्दाख में 9 अप्रैल को ओले गिरेंगे। इसके अलावा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में छह से सात अप्रैल के बीच बारिश होने वाली है। छह अप्रैल को भी भारी बारिश होगी।





### उत्तर पश्चिम भारत में बढ़ेगी गर्मी

गर्मी की बात करें तो उत्तर पश्चिम भारत, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत में अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने जा रही है। मध्य भारत में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने जा रही है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो दो दिन बाद यहां दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी। गुजरात में अगले दो दिनों में तापमान दो डिग्री बढ़ जाएगा।

### कहां कब चलेगी हीटवेव

कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। गुजरात में 7-10 अप्रैल, सौराष्ट्र और कच्छ में इसी दिन हीटवेव चलने वाली है। राजस्थान में 10 अप्रैल को हीटवेव चलने का अलर्ट है। हिमाचल में 7 अप्रैल, हरियाणा, चंडीगढ़ में 7-10 अप्रैल, पंजाब में 7-10 अप्रैल, दिल्ली में 7-10 अप्रैल, उप्र में 7-9 अप्रैल, मप्र में 8-10 अप्रैल के बीच हीटवेव चलेगी।

कैबिनेट मंत्री ने सीएम योगी को लिखा पत्र

## आगरा के शाहजहां गार्डन का नाम बदलने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगरा स्थित 'शाहजहां गार्डन' का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की मांग की है। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। दरअसल शाहजहां गार्डन आगरा जिले में ताजमहल और आगरा किले के बीच बना एक हरा-भरा उद्यान है। बेबी रानी मौर्य ने बताया, "हां, मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है और शाहजहां गार्डन का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का मेरा प्रस्ताव जल्द ही मूर्त रूप लेगा। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत कुछ किया था।" नाम बदलने की मांग करने के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं आगरा की बेटी हूं और हमेशा महान अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेती रही हूं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया। यह मुद्दा मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए मुझे लगता है कि इस उद्यान का नाम बदलने से लोगों, खासकर महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी।

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक



ललित गर्ग

**अमेजन एवं फ़िलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है?**

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।



चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। नि[illegible]य ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते?

पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं।

अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है।

# सबका साथ सबका विकास की उद्घोषणा के साथ गौरव संपन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही भाजपा - देवेंद्र तिवारी

## सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देश को विश्वपटल पर रखने कृतसंकल्पित रही है भाजपा - कृष्ण बिहारी जायसवाल

मरुधर विशेष

**करन सोनी कोरिया।** को पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया । इसी तरह कोरिया जिले के बैकुंठपुर भाजपा कार्यालय में भी भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में किया गया। जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कार्यालय परिसर में भाजपा का झंडा फहराया और भाजपा की नींव रखने वाले महापुरुषों की प्रतिमाओं पर फूल माला अर्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,निवर्तमान जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता,मंडल अध्यक्ष अनिल खटीक,कुबेर साहू , रवि त्रिपाठी,रमन गुप्ता, डॉ राकेश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम विशेष के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय,



राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। कांग्रेस की एकाधिकार वाली एक-दलीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीति को भारतीय जनता पार्टी ने दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन-युग के सूत्रपात में अग्रणी भूमिका निभाई है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत राजग सरकार केन्द्र में विद्यमान है। जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है। पार्टी की कल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान 'विश्वशक्ति' एवं 'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। इसके साथ ही विश्व शांति तथा न्याययुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विश्व के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखे । भाजपा भारतीय संविधान में निहित मूल्यों तथा सिद्धांतों के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित राज्य को अपना आधार मानती है। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतान्त्रिक राज्य की स्थापना करना है जिसमें जाति, सम्प्रदाय अथवा लिंगभेद के बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर तथा धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो । स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबोधन की अगली कड़ी में निवर्तमान जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की आज भाजपा देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है एवं देश के सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्प है । 10 साल पार्टी ने विपक्ष की सक्रिय और शानदार भूमिका निभाई। 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी, जो आज 'सबका साथ, सबका विकास' की उद्घोषणा के साथ गौरव सम्पन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगभग 11 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गयी है। कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की 26 मई, 2014 को श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कम समय में ही अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने विश्व में भारत की गरिमा को पुन:स्थापित किया, राजनीति पर लोगों के विश्वास को फिर से स्थापित किया। अनेक अभिनव योजनाओं के माध्यम से नए युग की शुरुआत की। अन्त्योदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश बढ़ चला है। आर्थिक और सामाजिक सुधार सुरक्षित जीवन जीने का मार्ग उपलब्ध करा रहे हैं। किसानों के लिये ऋण से लेकर खाद तक की नयी नीतियां जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, आदि ने कृषि के तीव्र विकास की अलख जगायी है। ये नया युग है सुशासन का। चाहे आदर्श ग्राम योजना हो, स्वच्छता अभियान या फिर योग के सहारे भारत को स्वथ्य बनाने का अभियान, इन सभी कदमों से देश को एक नयी ऊर्जा मिली है । संबोधन की अंतिम कड़ी में भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने बताया की भाजपा की मोदी सरकार ने 'मेक इन इंडिया', 'स्किल इंडिया', अमृत मिशन, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से भारत को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है। जनधन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी अनेक योजनाएं देश में एक नयी क्रांति का सूत्रपात कर रही हैं। भाजपा सरकार ने देशवासियों को विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजना का उपहार दिया है। महामंत्री गुप्ता ने भारतीय राजनीति में भाजपा के योगदान का बखान करते हुए कहा की राष्ट्रीय अखण्डता, कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय, कबाइली वेश में पाकिस्तानी आक्रमण का प्रतिकार, परमिट व्यवस्था एवं धारा 370 की समाप्ति व पृथकतावाद से निरन्तर संघर्ष करने वाली एकमात्र पार्टी भारतीय जनसंघ या भाजपा है, अन्यथा कश्मीर का बचना कठिन था। उसी तरह गोवा मुक्ति आंदोलन, सत्याग्रह एवं बलिदान। भाजपा के दबाव के बाद ही सरकार ने सैनिक कार्यवाही की। बेरुबाड़ी एवं कच्छ समझौते हमारी राष्ट्रीय अखण्डता के लिए चुनौती थे। भाजपा ने इस चुनौती का सामना किया। आज भी देश में राष्ट्रीय अखण्डता के मुद्दे उठाना पृथकतावाद से जूझना एवं इस निमित्त समाज को निरन्तर जाग्रत रखने का काम भाजपा ही कर रही है।

# युवा अब हेल्थ को बना रहे हैं वेल्थ, लेकिन 'शॉर्ट कट' डाल रहा सेहत पर असर

## वर्ल्ड हेल्थ डे पर विशेष



Dr rahul singhal



Dr pankaj anand



Dr Mukesh kalla

मरुधर विशेष

**जयपुर।** कोरोना महामारी ने युवाओं को एक नई दिशा दी है। अब करियर और कमाई के साथ-साथ वे अपनी सेहत को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। सुबह की वॉक हो, संतुलित आहार या फिर जिम, हर ओर युवा नई ऊर्जा से फिटनेस की राह पर चल पड़ा है। लेकिन इस जागरूकता की दौड़ में एक गड़बड़ भी हो रही है तेजी से बॉडी बनाने की होड़ में कई युवा प्रोटीन, क्रिएटिन और अन्य सप्लीमेंट्स का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं और यही बन रहा है नए स्वास्थ्य संकट की वजह। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन सप्लीमेंट्स से हार्ट, किडनी, लिवर पर काफी बुरा प्रभाव देखने को मिलता है।

### हार्ट की सेहत पर बन रहा दबाव -

फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियक इलेक्ट्रोफिजिलॉजिस्ट डॉ. राहुल सिंघल ने बताया कि अब 30-35 वर्ष के युवाओं के दिल की जांचें बढ़ रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर पांचवां दिल का मरीज अब 40 साल से कम उम्र का है। आईसीएमआर और नेशनल न्यूट्रिशन इंस्टीट्यूट ने हालिया अपनी रिपोर्ट में बताया है कि प्रोटीन सप्लीमेंट्स से न तो मांसपेशियां जल्दी बनती हैं, न ही ये सुरक्षित हैं। जरूरत से ज्यादा प्रोटीन सप्लीमेंट लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, धड़कन अनियमित हो सकती है और कोलेस्ट्रॉल असंतुलन के कारण धमनियों में ब्लॉकेज का खतरा बढ़ता है। कुछ सप्लीमेंट्स में छुपे स्टेरॉइड्स हार्ट अटैक की आशंका बढ़ा सकते हैं।

### लिवर और आंतों के लिए भी नुकसानदेह हो सकते हैं प्रोटीन सप्लीमेंट्स -

एसआर कल्ला मेमोरियल हॉस्पिटल के सीनियर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश कल्ला ने बताया कि ज़रूरत से ज़्यादा प्रोटीन लिवर को मेटाबॉलिज़्म के लिए अधिक मेहनत करने पर मजबूर करता है। इससे फैटी लिवर, इंफ्लेमेशन और लिवर एंजाइम्स का असंतुलन हो सकता है। कुछ सप्लीमेंट्स में मौजूद कृत्रिम मीठे तत्व (जैसे सुक्रालोज़, एस्पार्टेम) और केमिकल्स पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं। इससे गैस, अपच, कब्ज और आंतों की सूजन की शिकायतें बढ़ जाती हैं। इसके अलावा ज्यादा प्रोटीन और कम फाइबर वाली डाइट से आंतों के अच्छे बैक्टीरिया कम हो जाते हैं, जिससे इम्युनिटी भी प्रभावित होती है।

### "बदलाव दिख रहा है, पर दिशा भी जरूरी है" -

फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. पंकज आनंद बताते हैं कि कोरोना महामारी ने युवाओं की सोच में बड़ा बदलाव लाया है। अब वे सिर्फ दिखावे की फिटनेस नहीं, अंदरूनी सेहत को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। योग, मिलेट्स, मोबाइल फिटनेस ऐप्स - ये सब आज के युवाओं की दिनचर्या का हिस्सा बन रहे हैं, जो सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन जानकारी की कमी के चलते कई बार युवा सेहत के नाम पर ऐसे कदम उठा लेते हैं जो नुकसानदेह हो सकते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के सप्लीमेंट लेना, इंटरनेट से सीखी गई डाइट को आंख मूंदकर अपनाना या हर ट्रेंड के पीछे भागना - ये आदतें धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर सकती हैं।

# डायबिटीज के 20 प्रतिशत मरीजों में हो रही फ्रोजन शोल्डर की समस्या

## एक दिवसीय वर्कशॉप जयपुर शोल्डर कोर्स में पुणे के प्रसिद्ध शोल्डर एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. आशीष बाबुलकर ने दी जानकारी

मरुधर विशेष

**जयपुर।** भारत में डायबिटीज के सबसे ज्यादा मरीज हैं और इनमें से 20 प्रतिशत मरीज कंधे की गंभीर समस्या फ्रोजन शोल्डर की समस्या ग्रसित हैं। ये मरीज अपना हाथ उठाने में भी समर्थ नहीं हो पाता है। अगर इन मरीजों के एक कंधे में साल भर तक यह समस्या रही तो अगले कंधे में भी फ्रोजन शोल्डर हो जाता है। शहर में रविवार को आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप जयपुर शोल्डर कोर्स में पुणे के प्रसिद्ध शोल्डर एंड आर्थोस्कोपी सर्जन डॉ. आशीष बाबुलकर ने यह जानकारी दी। इस वर्कशॉप के कंधे की अलग अलग समस्याओं के बेहतर डायग्नोसिस और उसके इलाज की नवीनतम तकनीकों की जानकारियां साझा की गई।

वर्कशॉप के समन्वयक डॉ. नवीन शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप के प्रदेश के 250 से अधिक जॉइंट रिप्लेसमेंट और आर्थोस्कोपी सर्जन ने भाग लिया। इस दौरान कंधे की समस्याएं जैसे फ्रोजन शोल्डर,







रोटेटर कफ इंजरी, बर्साइटिस, टेंडिनाइटिस, डिसलोकेशन, शोल्डर इम्पिन्जमेंट सिंड्रोम की पहचान और उसकी सर्जरी के नए तरीकों के बारे में बताया गया। एक्सपर्ट्स ने अपने जटिल ऑपरेशन के प्रजेंटेशन भी दिए। डॉ. नवीन शर्मा ने बताया की अब बहुत से कंधे के एडवांस प्रोसीजर जयपुर में भी हो रहे है जिनके लिए पहले दिल्ली या मुंबई जाना होता था।

### डायबिटीज के कारण 30 से 40 साल के लोग भी फ्रोजन शोल्डर की समस्या से जूझ रहे हैं।

### 40 उम्र में भी आ रहे फ्रोजन शोल्डर के मामले -

डॉ. आशीष बाबुलकर ने बताया कि कई बार कंधे में इतना तेज दर्द होता है कि मरीज के लिए सामान्य मूवमेंट कर पाना भी बेहद मुश्किल होता है। कंधे का यह लंबे समय तक होता है तो यह फ्रोजन शोल्डर के संकेत हैं। 60 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र के 30 प्रतिशत लोगों में और 80 साल से ज्यादा उम्र होने पर 40 प्रतिशत लोगों में फ्रोजन शोल्डर देखने को मिलता है। लेकिन अब डायबिटीज के कारण 30 से 40 साल के लोग भी फ्रोजन शोल्डर की समस्या से जूझ रहे हैं। इनमें ज्यादातर लोगों को कम से कम पांच साल से डायबिटीज होती है।

### शरीर में घुल जाएंगे बायोकंपोजिट इंप्लांट

एक्सपर्ट्स ने बताया कि रोटेटर कफ टियर जैसी जटिल समस्याओं के उपचार में अब बायोकंपोजिट इंप्लांट नई क्रांति ला रहे हैं। ये इंप्लांट बायोटेक्नोलॉजी से बने होते हैं, जो सर्जरी के दौरान मात्र पांच मिनट में लगाए जा सकते हैं। इन्हें दूरबीन (आर्थ्रोस्कोपी) की मदद से कंधे की मांसपेशियों से जोड़ा जाता है। छह माह में यह इंप्लांट घुलकर मांसपेशी जैसा रूप ले लेता है और उसे मजबूती देता है। इस तकनीक से की गई सर्जरी में सफलता दर 98 प्रतिशत है और दोबारा चोट लगने की संभावना न के बराबर होती है। यह एक सुरक्षित, प्रभावी और आधुनिक उपचार विकल्प है।

## भाजपा मंडल खुडियाना पर मनाया पार्टी का 46वां स्थापना दिवस



मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर।** भाजपा मंडल खुडियाना पर रविवार को भाजपा का 46वां स्थापना दिवस विधायक रमेश खींची के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल खुडियाना अध्यक्ष सियाराम गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक खींची ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनूठा राजनीतिक दल है। यह पार्टी साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्तियों को भी आगे बढ़ने का मौका देती है। पार्टी में हर कार्यकर्ता को उसकी राजनीतिक प्रतिभा और कौशल के अनुसार सम्मान मिलता है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्रगति और विकास के लिए संकल्प लिया। स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी की उपलब्धियों की चर्चा की गई। इस मौके पर गोपेश भारद्वाज, कैलाश चंद यादव, रूपराम यादव, श्यामवीर सिंह, राम अवतार चौधरी, रामेश्वर तिवारी, रामस्वरूप शर्मा, तेज सिंह राजपूत, अमर सिंह यादव, मुकेश कुमार मीणा, शिवराम यादव, नीरज कुमार सैनी, योगेश जैमन, रितु मीणा, अनीता मीणा, निर्मल सेन, मुकेश कोली, नरेंद्र शर्मा, मंजू, अशोक कुमार गुप्ता, भगवान सिंह, बलराम गुर्जर जवाली, सुजान चौधरी, गौरव शर्मा, राजू मीणा, सरपंच शीशराम गुर्जर, अमर सिंह यादव, रतनलाल कोली, जगत चौधरी, भवानी शर्मा, लखनलाल मीणा, श्री चंद यादव, कमल जाटव, शिवराम अजीतपुरा, शोभाराम गुर्जर बादका, नवल गुर्जर, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित मौजूद थे।

## खैरथल में पहाड़ों वाली माता मंदिर पर हवन के बाद लगा विशाल आम भंडारा, भक्तों का उमड़ा सैलाब

मरुधर विशेष

**विजय सिंह/ मोहम्मद शकील खैरथल ।** पहाड़ों वाली माता मंदिर में नवरात्रों के नवें दिन रामनवमी पर रविवार को सुबह हवन यज्ञ के बाद विशाल आम भंडारा का आयोजन किया गया। हनुमान पहाड़ी पर माता मंदिर में चल रहे 9 दिन के नवरात्रों के उपलक्ष में रामनवमी पर आयोजित आम



भंडारा के प्रमुख सेवादारी घनश्याम भारती और माता मंदिर के पुजारी महंत माया शंकर पाण्डेय ने बताया कि देशभर में देव नगरी के नाम से प्रसिद्ध खैरथल कस्बे के हनुमान पहाड़ी पर स्थित माता मंदिर पर आम भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दिन भर श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर माता मंदिर व रामदरबार में शीश नवा कर मन्नतें मांगी। सुबह हवन-यज्ञ में आहुतियां दी गई। 12 बजे पूजा अर्चना करने के बाद कन्याओं को भोजन करा वंदन किया गया। भंडारे में आसपास के क्षेत्र से पहुंचे साधु-संतों सहित श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर माता मंदिर में माता के दर्शन कर परिवार सहित क्षेत्र की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। इस दौरान सैकड़ों सेवादारों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। इस मौके पर मंदिर के महन्त माया शंकर पाण्डेय,सेवादारी घनश्याम भारती, बाबूलाल गुप्ता, रघुनाथ सैनी, गोपाल मंगलानी, नारायण मंगलानी, बाबूलाल हलवाई,देशराज गुरुजी, दिव्या भारती, मनीषा भारती, सीता देवी, रंजनी भारती,राजकुमारी, कमलादेवी, ईश्वरी कौर, रानी कौर, पदम मंगलानी, मनोज खजनानी, रूपचंद भारती, पंकु,अशोक शर्मा, श्रीमती तारादेवी, राधेश्याम आड़तानी, घनश्याम बच्चानी, इंद्र कुमार सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कस्बे के सीताराम मंदिर पर छप्पन भोग व फूल बंगला की सजी झांकी

मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर ।** मुख्य बाजार स्थित सीताराम मंदिर पर रामनवमी के मौके पर अनेक धार्मिक आयोजन किए गए। इ स मौके पर शाम को सात बजे महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में अनेक श्रद्धालुओ? ने हिस्सा लिया। भक्त सुरेश खंडेलवाल ने बताया कि मंहत मनोज भारद्वाज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर बारह बजे गर्भ ग्रह की आरती की गई। इस मौके पर मंदिर में छप्पन भोग व फूल बंगला की झांकी सजाई गई। इस मौके पर संतोष साहू, उमेश सोनी, पियूष अग्रवाल, छोटू बंसल आदि ने सहयोग किया।

### चैत्र नवरात्र का समापन

## श्री दुर्गा माता मन्दिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** श्रीराम नवमी के पर्व पर रविवार को चैत्र नवरात्र का समापन हुआ। इस मौके पर घर-घर में कन्या पूजन कर गृहणियों ने नवरात्रे उठाये। अल सुबह से ही कस्बे में जगह-जगह कन्या जिमन के साथ-साथ घट विसर्जन का कार्य देखने को मिला। वहीं रविवार शाम को कस्बे में विभिन्न जगहों पर स्थित माँ दुर्गा के मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कस्बे के पूतली रोड़ स्थित श्री दुर्गा माता मन्दिर में पुजारी योगेश शर्मा ने मन्दिर में घट एवं ज्वारा विसर्जन का कार्य सम्पन्न करवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में महिला व पुरुषों ने माता के लगाई धोक लगाई। मंदिर में सुबह हवन किया गया, उसके उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। जहां श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी भी ग्रहण की। नवरात्रि की नवमी पर भव्य मेले का आयोजन भी हुआ। माता के दर्शन करने वाले श्रद्धालूओं को घण्टों इंतजार के बाद माँ दुर्गा के दर्शन हुये। मन्दिर कमेटी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी से व्यवस्थाओं को संभाला। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई। वहीं गंगा कॉलोनी स्थित शिव-हनुमान दुर्गा मंदिर में जड़ी-बूटियों से चण्डी यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत पं. नरेन्द्र शर्मा ने विशेष पूजा-अर्चना की तथा श्रदालुओं ने पंगत प्रसादी ली। श्रीराम भवन स्थित दुर्गा माता मन्दिर में पं. मोहित शर्मा वृन्दावन, व योगेश शर्मा द्वारा हवन पूजन करवाया गया। ओमप्रकाश बंसल द्वारा हलवा, पूरी व सब्जी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य चौराहे स्थित श्री जीण माता मन्दिर सहित शहर के अन्य मन्दिरों में घट एवं ज्वारा विसर्जन का कार्य सम्पन्न करवाया गया।

### महायज्ञ सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा प्रयास :- अमित शाह

# जिले के पावटा में 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने की शिरकत





मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** जिले के पावटा स्थित बावड़ी के बाबा बालनाथ आश्रम में रविवार को 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति कार्यक्रम एवं सनातन सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस मौके पर केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि विगत एक वर्ष से चल रहे 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ के माध्यम से बाबा बस्तीनाथ ने समाज के हर वर्ग को जोडने़ का महान कार्य किया है। समाज को जोडने़, व्यक्तियों को धर्ममय बनाने और पर्यावरण की सेवा करने का यह अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि अनेक भक्तों ने बाबा बालनाथ आश्रम में आकर नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा की और सामाजिक समरसता को बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बाबा बालनाथ ने सत्य व तपस्या में विश्वास रखने, वैराग्य और सेवा को जीवन का आधार बनाने, प्राकृतिक जीवन जीने तथा प्राणी मात्र की सेवा करने का संदेश दिया। उनकी इस विरासत को बाबा बस्तीनाथ आगे बढ़ा रहे हैं। शाह ने कहा कि महाप्रभु आदिनाथ से लेकर 09 गुरूओं और उनके बाद ऊर्जा के अनेक वाहकों के माध्यम से सनातन धर्म को नाथ संप्रदाय ने शक्ति देने का काम किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बाबा बालनाथ ऐसे महायोगी थे, जिन्होंने देश-विदेश में 84 धूनियों की स्थापना कर अपने पूरे जीवन को धर्ममय बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मानव योनि के 84 चक्रों से मुक्ति प्राप्त कर जब उन्होंने समाधि ली तब ये स्थान उनके तप से बेहद ऊर्जावान हो गया। शाह ने कहा कि यहां कई हताश मन और जीवन को आशा मिली है। केंद्रीय मंत्री गृह मंत्री अमित शाह ने भारत माता और श्रीराम के नारे के साथ अपना सम्बोधन शुरू किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिये महाराज का आभार भी जताया। बाबा बस्तीनाथ ने यज्ञ के माध्यम से हर धर्म, हर जाति को सनातन के महायज्ञ से जोडने़ का महान प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज नवमी हैं, माँ सिद्धिदात्री की पूजा के दिन प्रसादी के तौर पर श्री यंत्र दिया, इसलिए सभी को बहुत बहुत धन्यवाद। 108 कुण्डीय यज्ञ इसी धरती पर पिछली रामनवमी पर शुरू हुआ, हर 05 दिन में 01 जोड़ा प्रकृति के संरक्षण आत्मशुद्धि और सनातन के लिए काम किया। मैं समाजों के कार्यक्रमों से हमेशा जुड़ा रहा हूं, लेकिन प्रकृति का संरक्षण और सनातन को जोडने़ का ऐसा प्रयास मैंने कभी नहीं देखा। 16 साल से बाबा बस्तीनाथ यज्ञ करवा रहे। शाह ने कहा कि मैं बाबा से ऊर्जा लेने आया हूँ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन संस्कृति के उत्थान और राष्ट्र कल्याण के लिये दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उनकी 'विकास के साथ विरासत' की भावना को साकार करते हुये राज्य सरकार भी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प और कठिन साधना का ही परिणाम है कि अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और इस भारत भूमि का 500 साल का इंतजार पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इसी कालखंड में हमने काशी की धरती पर विश्वनाथ धाम के वैभव का निखार, उज्जैन में महाकाल के महालोक की महिमा, सोमनाथ का विकास और केदार घाटी का पुनर्निर्माण भी देखा है। सीएम शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का नेतृत्व और दूरदर्शिता देश के लिए एक मिसाल है। बतौर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा को अभेद्य बनाया है। चाहे वह धारा 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हो या फिर सीमा सुरक्षा को मजबूत करने का कार्य, केन्द्रीय गृह मंत्री के संकल्प और दृढ़ इच्छा शक्ति ने भारत को एक नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता मंत्री के रूप में शाह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और सहकारी संस्थाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। सहकारिता के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की भावना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्ध योगी ब्रह्मलीन बाबा बालनाथ महाराज का जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा तथा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से उन्होंने सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने का कार्य किया। इससे पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने श्री श्री 1008 सिद्ध योगी बाबा बालनाथ के समाधि स्थल के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए तथा देश व प्रदेश की प्रगति एवं सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात उन्होंने यज्ञशाला में एक वर्ष से अनवरत चल रहे 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ में पूर्णाहुति दी एवं आमजन की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात् बाबा बालनाथ आश्रम में धूणी दर्शन कर पंचमुखी महाकाल मंदिर में आरती की। कार्यक्रम में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने भी आमजन को सम्बोधित किया। इस मौके पर राजस्व एवं उपनिवेशन राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, श्री श्री 108 बाबा बस्तीनाथ महाराज समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एसपी राजन दुष्यंत के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन का अमला व्यवस्था बनाते हुये नजर आया।

## दीपक स्पोर्ट्स का हुआ फीता काटकर शुभारंभ

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** कामां कस्बे के कोसी चौराहे के पास रविवार को सुबह दस बजे कलावटा गौशाला के महंत गणेशानंद जी महाराज ने दीपक स्पोर्ट्स का हिन्दू रिति-रिवाज अनुसार पूजा अर्चना कर फीता काट कर किया शुभारंभ। दीपक स्पोर्ट्स के संचालक दीपांकर कैथ ने गणेशा नंद जी महाराज का फूल माला व साफा बांधकर व शाल ओढ़ाकर किया स्वागत सम्मान व चरण स्पर्श कर प्राप्त किया आशीर्वाद। साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष निहाल मीणा व व्यापार महासंघ ईकाई कामां के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप अरोड़ा का फूल माला व साफा वांधकर किया स्वागत सम्मान। दीपक स्पोर्ट्स के संचालक दीपाकर कैथ राज्य स्तरीय



क्रिकेट खिलाड़ी हैं जिन्होंने क्रिकेट जगत में अपनी अहम पहचान बनाई है। क्रिकेट एकेडमी में भी कोंच की भूमिका निभाते हुए क्षेत्र के युवाओं को क्रिकेट की तरफ अग्रसर कर रहे हैं। दीपाकर कैथ ने बताया कि कामां क्षेत्र के काफी युवाओं ने विभिन्न टूर्नामेंट में कामां का नाम रोशन किया है और सभी युवाओं को जरूरत का सामान उपलब्ध कराने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और अन्य शहरों से सामना लाते हैं जिसमें समय व पैसा काफी खर्च हो जाता है सभी युवाओं की डिमांड पर हमने स्पोर्ट्स संबंधित सभी खेल कूद का सामान दीपक स्पोर्ट्स पर उपलब्ध कराया है जिससे सभी युवाओं को काफी हद तक मदद मिलेगी। दीपांकर कैथ के पिता पंजाबी राजपूत समाज के उपाध्यक्ष मानसिंह सवलाना बाले ने कार्यक्रम में मौजूद सभी आगंतुकों का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत सम्मान किया व सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दशरथ आर्य मास्टर, जितेन्द्र अग्रवाल प्रिंसिपल कनवाड़ा, रामनारायण गुर्जर व्याख्याता, गोपीचंद, रविन्द्र परमार, जोगेन्दर टेलर, रघुवीर डायरेक्टर सहेडा, दलवीर सिंह, रविन्द्र तरगोतरा, हेमंत खंडेलवाल, रमेश पाल मांड़ी , आसीन पूर्व सरपंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया श्री राम जन्मोत्सव श्रद्धालुओं ने किया भये प्रगट कृपाला का वाचन

मरुधर विशेष



**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** क्षेत्र में रविवार को श्री रामनवमी का पर्व बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कस्बा स्थित श्रीराम भवन परिसर में श्रीराम सभा समिति की ओर से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम का आलौकिक श्रृंगार कर मन्दिर को विशेष रूप से सजाया गया। भगवान श्रीराम दरबार की मनमोहक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा भये प्रगट कृपाला का वाचन करने के साथ ही राम जन्म के वृतान्त सहित राम धुनि के माध्यम से भगवान राम का गुणगान किया गया। दोपहर 12 बजे पुजारी योगेश शर्मा के द्वारा आरती कराकर चरणामृत व पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया। रात्रि को संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वतंत्र पत्रकार आनंद पंडित, समिति



अध्यक्ष राकेश खजांची, महामंत्री राजेश गुप्ता, निरंजन लाल चौधरी, मंत्री अशोक बंसल, कोषाध्यक्ष घनश्याम बंसल, उपाध्यक्ष राजेश चश्मेवाला, पूर्व अध्यक्ष किशन शरण, अमरनाथ बंसल, ओमप्रकाश बंसल, रमेश किताबवाला, अनिल शरण बंसल, प्रवीण बंसल, बालकृष्ण शुक्ला, गोविंद गुप्ता, अशोक बंसल, जगदीश बंसल, पार्षद मनोज गौड़, सत्यनारायण बंसल, दीपक बंसल, सीयाराम बंसल, जगदीश करवास्या, रामसिंह पायला, दीपक जांगिड़, नितिन कुमार, शिवकुमार बंसल, डॉ. अश्वनी गोयल, ड़ॉ. अशोक गुप्ता, महेश पारीक, मकेश शर्मा, उत्तम गुप्ता, शंकर बंसल, प्रहलाद बंसल, हेमलता बंसल, ललिता बंसल, पूजा बंसल, पायल बंसल सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बिसली गांव के काष्णी आश्रम पर शिव पुराण सुनने उमड़ श्रद्धालु

### बिसली गांव में 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी** कठूमर। उपखंड क्षेत्र के गांव बिसली स्थित काष्णी आश्रम पर आयोजित की जा रही शिव पुराण को सुनने ग्रामीण उमड़ रहे हैं। शांति, क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 31 मार्च सोमवार से प्रारंभ हुई जो 9 अप्रैल बुधवार तक चलेगी। शिव पुराण के आयोजक मंगतू राम खंडेलवाल ने बताया कि शिव पुराण का समापन 8 अप्रैल को होगा। नौ अप्रेल को भंडारा आयोजित किया जाएगा। वृंदावन धाम के कमलेश शास्त्री के मुखारविंद से प्रतिदिन कथा सुनाई जा रही है।



रविवार को कथा के सातवें दिन बड़ी संख्या में ग्राम बिसली सहित आसपास गांव के भक्तों ने शिव पुराण का श्रवण किया।

हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण पुराणों में से एक शिव पुराण भी है। यह सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले धार्मिक ग्रंथों में से भी एक है। कभी भी शुभ मुहूर्त में शिव पुराण के पाठ का आयोजन किया जा सकता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिव पुराण का पाठ करने से साधक और उसके समस्त परिवार पर शिव जी का आशीर्वाद बना रहता है। इस मौके पर रतिराम खंडेलवाल, रामावतार खंडेलवाल, महेश, नितिन कुमार अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## अखंड अन्न क्षेत्र सहायतार्थ भजन संध्या का आयोजन राम नवमी के अवसर पर किया



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढ़ः विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बांसवाड़ा द्वारा आज डा. कीर्ति आचार्य के मोहन कॉलोनी निज निवास पर अखंड अन्न क्षेत्र सहायतार्थ भजन संध्या का आयोजन राम नवमी के अवसर पर किया गया। महिला प्रकोष्ठ की भजन कार्यक्रम प्रमुख कामिनी नागर एवम महिला कार्यवाह जिला अध्यक्ष अर्चना दवे के नेत्रत्व मे आयोजित भजन संध्या की अध्यक्षता डा. कीर्ति आचार्य ने की। वही सरक्षक पूर्व पार्षद रंजना पुरोहित,वरिष्ठ कृष्णा गृहस्थि, राजेश्वरी वैष्णव, प्रदेश उपाध्यक्ष दक्षा उपाध्याय प्रदेश सचिव पुष्पा व्यास,दर्शना त्रिवेदी, गनोडा तहसील अध्यक्ष शशि जोशी, प्रेरणा नागर, कीर्ति मालावत

आशा उपाध्याय ठिकरिया, संध्या पड्या, शांता जोशी, ममता जोशी सहित अनेक महिलाओ ने भजनों का आनंद ले भक्तिमय वातावरण निर्मित किया.इस अवसर पर कामिनी नागर ने माडी अम्बा गरबे घूमे छे, अर्चना दवे ने अम्बा तारा पक्तिये चढवा दे,संगीता नागर ने उड़े रे गुलाल अनौ रंग लाल, रश्मि ने मेरे केशरी के लाल, कीर्ति मालावत शालिनी, दीपिका, हिना नागर कबिता ने अपने अपने मधुर आवाज मे गीत प्रस्तुत कर सबको नृत्य पर मजबूर कर उल्लास का भक्ति का वातावरण निर्मित कर दिया।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल सज्जनगढ़ में पार्टी ध्वज फहराकर मनाया 46 वा स्थापना दिवस

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** भारतीय जनता पार्टी मंडल सज्जनगढ़ में उत्कृष महाविद्यालय सज्जनगढ़ में पार्टी का 46 वा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम माँ भारती एव पार्टी के पुरोधा पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। जिसके पश्चात पार्टी का ध्वज फहराया गया। कार्यकर्ताओ ने भाजपा जिन्दाबाद, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के घोष लगाकर अपने भाव व्यक्त किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे मंडल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया ने कहा की 6 जुन 1980 को पार्टी की स्थापना की गई थी उससे पूर्व पार्टी जनसंघ के रूप में बनाई गई थी। हम एक समय में 2 सांसद से लेकर



आज देश और दुनिया की नंबर एक पार्टी के साथ साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र जी मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब एवं देश के विकास करते हुवे लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार के साथ विकास के भाव के साथ देश के 20 से अधिक राज्यों में भाजपा एवं एनडीए की सरकार निर्बाध रूप से चल रही है। हमारे पड़ोस के गुजरात में पिछले 25 वर्षो से, मध्यप्रदेश में 4 बार सरकार बनी है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी की रीति नीति को आमजन तक पहुंचाना है। पार्टी के निर्देशानुसार 7 अप्रेल को प्रत्येक बूथ पर पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेन्द्र नायक ने कहा की देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश को विकास के साथ साथ बाहरी एवं आंतरिक समस्याओ से सुरक्षा एवं निवारण हेतु लगातार काम किया जा रहा है। हमें अपने क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए अपने अपने बूथ को मजबूत करने के साथ साथ पार्टी के समस्त कार्यक्रमों को मनाना सुनिश्चित करे। इस मौके पर मंडल महामंत्री मयूर कलाल, नरसिंह निनामा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेन्द्र नायक, सज्जनगढ़ लेम्पस अध्यक्ष एवं पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलीप पटेल, जिला मंत्री लालसिंह वड़खिया, मंडल उपाध्यक्ष लालचंद निनामा, कालुसिंह डिंडोर, जिला आईटी प्रभारी अरविन्द कलाल, प्रदीप भूरिया, मुकेश गरासिया, रणजीत लबाना, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप कलाल, राठधनराज लेम्पस अध्यक्ष राजेश पटेल, प्रवीण बस्सी, दवाला भाई लबाना, गिरीश कलाल, पंकज सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कस्बे के सीताराम मंदिर पर छप्पन भोग व फूल बंगला की सजी झांकी



मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर ।** मुख्य बाजार स्थित सीताराम मंदिर पर रामनवमी के मौके पर अनेक धार्मिक आयोजन किए गए। इ स मौके पर शाम को सात बजे महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में अनेक श्रद्धालुओ? ने हिस्सा लिया। भक्त सुरेश खंडेलवाल ने बताया कि मंहत मनोज भारद्वाज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर बारह बजे गर्भ ग्रह की आरती की गई। इस मौके पर मंदिर में छप्पन भोग व फूल बंगला की झांकी सजाई गई।

इस मौके पर संतोष साहू, उमेश सोनी, पियूष अग्रवाल, छोटू बंसल आदि ने सहयोग किया।

## जिला प्रशासन ने खनन माफियाओं पर कसा शिकंजा

# खान, पुलिस, परिवहन और वन विभाग का अवैध खनन पर चौतरफा प्रहार

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** डीग, अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में डीग जिले में निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल द्वारा अवैध खनन प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के पश्चात अवैध खनन/ निर्गमन के मद्देनजर हरियाणा राज्य के ग्राम बसईमेव से राजस्थान के ग्राम नांगल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते को राजस्थान सीमा में जेसीबी से कटवाया गया। हरियाणा राज्य के ग्राम बसईमेव के बायीं ओर राजस्थान राज्य के ग्राम बहराली की ओर जाने वाले रास्ते से छपरा, चिनावडा, बिजासना, लिवासना एवं पापड़ा खनन क्षेत्रों से अवैध खनन/निर्गमन के मद्देनजर बहराली क्षेत्र में प्रवेश करने वाले रास्ते को राजस्थान सीमा में जेसीबी से कटवाया गया तथा



राजस्थान राज्य के ग्राम चिनावडा की सीमा से घाटा शमशाबाद तक जोड़ने वाला कच्चा रास्ता, जो हरियाणा राज्य में दो जगह कटा हुआ पाया गया, को राजस्थान सीमा पर कटवाए जाने के लिए खान विभाग और उपखंड अधिकारी पहाड़ी को निर्देशित किया गया।

### वन विभाग द्वारा सीकरी में 45 टन चेजा पत्थर जब्त

वन विभाग द्वारा सीकरी में अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए 45 टन चेजा पत्थर को जब्त किया गया। इस दौरान आरोपित के खिलाफ एफआईआर करने के साथ ही डम्फर को भी जब्त किया गया। परिवहन विभाग ने जिला कलेक्टर के निरीक्षण के पश्चात तीन दिवस में 62 ओवरलोडेड वाहनों के चालान काटे। पुलिस विभाग ने एमएमआरडी एक्ट व 303 (2) बीएनएस के अंतर्गत 1 ट्रैक्टर ट्रॉली मय 05 ज़ब्त माल सीज किए। अवैध खनन/निर्गमन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनिज से भरे 06 वाहनों के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर पेनल्टी राशि 5 लाख रुपए आरोपित से वसूली गई। वहीं आज के दिनांक तक ग्राम नांगल के खसरा संख्या 162 का मौका देखकर 6 अवैध खनन पट्टों की ओर जाने वाले रास्ते को जेसीबी से कटवाया गया। तहसील पहाड़ी के निकट ग्राम धौलेट क्षेत्र में अवैध खनन संभावित स्थलों का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में अवैध खनन बंद पाया गया।

### रॉयल्टी अपवंचन के रोकथाम के लिए हो रही नियमति चेकिंग

इस दौरान पहाड़ी, सीकरी और नगर में अधिक अधिशुल्क, डीएमएफटी एवं आरएसएमईटी संग्रहण ठेका की अवधि 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। खान विभाग द्वारा क्षेत्र में रॉयल्टी अपवंचन रोकने के लिए विभागीय चेक पोस्ट स्थापित किया जाकर चेक पोस्ट पर तकनीकी कार्मिकों, नाकेदारों व बॉर्डर होमगार्ड को तैनात किया जाकर निरंतर रूप से चेकिंग की जा रही है।

# कुशलगढ़ में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस, मिठाई बांटी और झंडा रोहण किया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** गांधी चौक कुशलगढ़ स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आज पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर में झंडा रोहण किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयाँ दीं।समारोह में कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था। सभी ने मिलकर पार्टी के उद्देश्यों और



विचारधारा को याद करते हुए संगठन की मजबूती के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष रेखा जोशी ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा, "ये दिन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है और हम सभी कार्यकर्ता उसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में भी हम संगठन को मजबूत करते रहेंगे।" स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने मिलकर संगठन की भावना को और प्रगाढ़ किया। इस अवसर परजिला उपाध्यक्ष लीला पडियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया ,नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र आहारी, नगर उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ,रमेश तलेसरा, ललिता सोनी ,महावीर कोठारी ,रितेश बम, नगर महामंत्री राधवेश चरपोटा, दिलीप टेलर, नगर मंत्री निर्मला बाग ,मीना चौहान, प्रीतेश पंड्या ,महेश प्रजापत ,भावेश आहारी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष नम्रता जैन ,पार्षद नरेश गादिया ,राहुल सोनी,संजय चौहान, महेंद्र शाह ,रमन ट्रेलर , भूपेंद्र ट्रेलर ,पथिक मेहता, नितिन सोलंकी ,जगदीश चौहान ,मयंक ट्रेलर उपस्थित रहे

# भाजपा का 46वां स्थापना दिवसः कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न, पार्टी की उपलब्धियों पर की चर्चा

मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी** कठूमर। भाजपा मंडल कठूमर पर रविवार को भाजपा का 46वां स्थापना दिवस विधायक रमेश खींची के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल कठूमर अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक खींची ने इस मौके पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनूठा राजनीतिक दल है। यह पार्टी साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्तियों को भी आगे बढ़ने का मौका देती है। पार्टी में हर कार्यकर्ता को उसकी राजनीतिक प्रतिभा और कौशल के



अनुसार सम्मान मिलता है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्रगति और विकास के लिए संकल्प लिया। स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी की उपलब्धियों की चर्चा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के सयोंजक अनिल कौशिक, भाजपा नेता गोपेश भारद्वाज, जाट समाज के अध्यक्ष कल्लू राम, जिला पार्षद राजेश गुर्जर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र चौधरी, सरपंच रणवीर, समय सिंह, दिनेश जाटव, भूपेंद्र सौंख, ओमी पहलवान, उदय सिंह चौधरी, दीपा चौधरी,सोम चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, पूर्व उप प्रधान सुरेश, सतवीर बराड़ा, नरेश गुर्जर, बदन सिंह, लोकेश रानोता, श्रीभान गुर्जर, सिकंदर टीकरी, अभिषेक ठाकुरिया, संजय सरपंच, आकाश रेला, प्रकाश दुधेरी, राजेश, कमल इसरोता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज ने किया।

# वक्फ संशोधन विधेयक राज्यसभा और लोकसभा में पास होने से गरीब मुसलमान भाई बहनों को लाभ होगा-पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** पूर्व भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ सांसद चंद्रप्रकाश जोशी (सीपी जोशी) कुशलगढ़ पहुंचे जहां पत्रकार द्वारा जोशी को वक्फ संशोधित विधायक पास होने से मुसलमान को क्या फायदा होगा इस पर दिए गए जवाब में जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वक्फ संशोधित बिल संसद में और राज्यसभा पास होने से सांसद सीपी जोशी ने कहा कि लोकसभा में और राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधायेक पास होने से यह विधायक से गरीब मुसलमनो के लिए लाभकारी है उन्होंने कहा कि वकफ बोर्ड कुछ भूमाफिया के शिकंजे में था। जिसे सरकार ने निकाला है इससे सबसे ज्यादा लाभ गरीब तबके के मुसलमान भाई



बहनों को होगा। वक्फ की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड में हजारों मुकदमे लंबित उनकी अपील दलील कहीं नहीं होती थी कोर्ट में भी नहीं जा सकते थे। हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकते। ऐसी स्थिति में खुद ही साहूकार थे और खुद ही निर्णायक थे वह तो बोर्ड में डेमोक्रेसी नहीं थी स्वतंत्रता के 75 साल बाद पहली बार ऐसा हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं कि यह परिवर्तन आया है। अब गरीब मुसलमान भाइयों बहनों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पूर्व संसदीय सचिव भीमाभाई डामोर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लीला पडियार, पूर्व पालिका अध्यक्ष और भाजपा मंडल अध्यक्ष रेखा जोशी पूर्व पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा पालिका उपाध्यक्ष नितेश बैरागी,पूर्व मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया पार्षद राहुल सोनी,नरेश गादिया, मंडल मंत्री प्रीतेश (रिंकू) पंड्या रितेश गादिया नितिन सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल खुडियाना पर मनाया पार्टी का 46वां स्थापना दिवस



मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर।** भाजपा मंडल खुडियाना पर रविवार को भाजपा का 46वां स्थापना दिवस विधायक रमेश खींची के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल खुडियाना अध्यक्ष सियाराम गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक खींची ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनूठा राजनीतिक दल है। यह पार्टी साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्तियों को भी आगे बढ़ने का मौका देती है। पार्टी में हर कार्यकर्ता को उसकी राजनीतिक प्रतिभा और कौशल के अनुसार सम्मान मिलता है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्रगति और विकास के लिए संकल्प लिया। स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी की उपलब्धियों की चर्चा की गई। इस मौके पर गोपेश भारद्वाज, कैलाश चंद यादव, रूपराम यादव, श्यामवीर सिंह, राम अवतार चौधरी, रामेश्वर तिवारी, रामस्वरूप शर्मा, तेज सिंह राजपूत, अमर सिंह यादव, मुकेश कुमार मीणा, शिवराम यादव, नीरज कुमार सैनी, योगेश जैमन, रितु मीणा, अनीता मीणा, निर्मल सेन, मुकेश कोली, नरेंद्र शर्मा, मंजू, अशोक कुमार गुप्ता, भगवान सिंह, बलराम गुर्जर जवाली, सुजान चौधरी, गौरव शर्मा, राजू मीणा, सरपंच शीशराम गुर्जर, अमर सिंह यादव, रतनलाल कोली, जगत चौधरी, भवानी शर्मा, लखनलाल मीणा, श्री चंद यादव, कमल जाटव, शिवराम अजीतपुरा, शोभाराम गुर्जर बादका, नवल गुर्जर, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित मौजूद थे।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल डूंगरा छोटा ने मनाया स्थापना दिवस

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** भारतीय जनता पार्टी मंडल डूंगरा छोटा ने स्थापना दिवस का कार्यक्रम शिव मंदिर परिसर डूंगरा छोटा में आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल भरपोड़ा, मुख्य अतिथि संत शांतिदास बैरागी और विशिष्ट अतिथि बलवन भाई खजा, धीरा भाई भगत रहे, सर्वप्रथम मनचासीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती पर माल्या अर्पण कर द्वीप प्रजनन कर कार्यक्रम की शुरुआत की संत शांतिदास ने राम नाम की धुन सुनाई समस्त कार्यकर्ताओं ने भी हल्की हल्की करतल ध्वनियों के साथ राम नाम की धुन को गुनगुनाया स्वागत भाषण में अध्यक्षता कर रहे बाबूलाल ने सभी का शब्द सुमन द्वारा स्वागत किया, मुख्य वक्ता के रूप में संजय पंचाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हे , यह पार्टी न केवल चुनावों में



सक्रीय होती हे बल्कि यह पार्टी 365 दिन काम करने वाली पार्टी हे, हमारे कार्यकर्ता हमेशा जनता के सुख दुख में सदैव खड़े रहते हैं, आप समस्त कार्यकर्ताओं से आहवान करता हूं पंचायती राज चुनाव में अभी से कमर कस लो, अपनी विचार धारा वाले पंच और सरपंच चुन कर लाना हे, हमारे जनजाति एरिया में कुकुरमुत्ता की तरह चुनावी दौर में समाज के नाम से कही पार्टियां खड़ी हो जाती है लेकिन उन्होंने कभी भी समाज का भला नहीं किया हम सब की गलती का नतीजा आपके सामने है ,बांसवाड़ा डूंगरपुर के सांसद जो समाज की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन वक्फ़ बोर्ड में समाज के विरुद्ध चलकर के उन्होंने अपना मत दिया, ऐसे वीधर्ममयो से सावधान होने का समय है ,पार्टी की रीती नीति ओर पार्टी का इतिहास बताया गया, कार्यक्रम को संबोधित शांतिदास बैरागी, धीरा भगत ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में उपस्थित बाबूलाल मज़ा, विपुल गरासिया, उपाध्यक्ष नीतेष डामोर, मंत्री राजेश नाई, गलजी निनामा, वरिष्ठ नाथु सिंह कोठारी, बहादुर यादव, कमलेश यादव, धूलेश्वर डामोर, शीरीस कोठारी, अंकित, एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे ,संचालन महामंत्री कमलेश पारगी आभार उपाध्यक्ष नीतेश डामोर ने किया।

# कुशलगढ़ में धूमधाम से मनाई गई रामनवमीः मंदिरों में भगवान राम का किया आकर्षक श्रृंगार, दोपहर में उतारी गई महा आरती

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मदिन रामनवमी का पर्व आज यहां भी श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। मुख्य समारोह सोमनाथ महादेव मंदिर परिसर से लगे हुए राम मंदिर में हुआ। जहां दोपहर में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रात में मंदिर पर आकर्षक विद्युत की गई। सुबह पुजारी पं.अमन शर्मा,विकास शर्मा ,मनीष नीमा,राकेश बैरागी ने राम दरबार का अभिषेक करने के बाद आकर्षक श्रृंगार किया। दोपहर में जन्मदिन पर महाआरती के बाद प्रसादी बांटी गई। कुशलगढ़ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रामनवमी धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। घर और मंदिरों में भगवान श्री राम की विधि विधान से



पूजा अर्चना की गई। रामनवमी पर्व को लेकर कई जगहों पर ध्वजा लहराया गया। वहीं भक्ति गीत से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। मान्यताओं के अनुसार असुरों के राजा रावण को संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सातवां अवतार लिया था। चैत्र मास की नवमीं को अयोध्या के राजा दशरथ की पहली पत्नी कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया था। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म दिवस को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा है। रामनवमी के अवसर पर श्री अखंड सनातन मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। मंदिरों में लहर-लहर लहराई रे ध्वजा बजरंगबली की.., कभी राम बनके, कभी श्याम बनके.. आदि गीत गूंजते रहे। इस दौरान राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल,संरक्षक कैलाश राव,हरेंद्र पाठक,अजय निगम,नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा जोशी पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया,कमलेश टेलर,आशीष नीमा,मुकेश नीमा,सुरेश टेलर,अजय निगम,हेमेंद्र पंड्या, हरिश्चंद्र जानी, भरत कुमावत,नितिन सोलंकी, नितेश बैरागी, सुधीर सुवार्णकार, अजय जोशी,सुनील जोशी,अश्विन त्रिवेदी,रोनक टेलर, राहुल पंड्या,कृष्णकांत पंड्या,प्रवीण त्रिवेदी,राघवेश चरपोटा सहित कई श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

# खैरथल में पहाड़ों वाली माता मंदिर पर हवन के बाद लगा विशाल आम भंडारा, भक्तों का उमड़ा सैलाब


मरुधर विशेष

**विजय सिंह/ मोहम्मद शकील खैरथल ।** पहाड़ों वाली माता मंदिर में नवरात्रों के नवें दिन रामनवमी पर रविवार को सुबह हवन यज्ञ के बाद विशाल आम भंडारा का आयोजन किया गया। हनुमान पहाड़ी पर माता मंदिर में चल रहे 9 दिन के नवरात्रों के उपलक्ष में रामनवमी पर आयोजित आम भंडारा के प्रमुख सेवादारी



घनश्याम भारती और माता मंदिर के पुजारी महंत माया शंकर पाण्डेय ने बताया कि देशभर में देव नगरी के नाम से प्रसिद्ध खैरथल कस्बे के हनुमान पहाड़ी पर स्थित माता मंदिर पर आम भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दिन भर श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर माता मंदिर व रामदरबार में शीश नवा कर मन्नतें मांगी। सुबह हवन-यज्ञ में आहुतियां दी गई। 12 बजे पूजा अर्चना करने के बाद कन्याओं को भोजन करा वंदन किया गया। भंडारे में आसपास के क्षेत्र से पहुंचे साधु-संतों सहित श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर माता मंदिर में माता के दर्शन कर परिवार सहित क्षेत्र की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। इस दौरान सैकड़ों सेवादारों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। इस मौके पर मंदिर के महन्त माया शंकर पाण्डेय,सेवादारी घनश्याम भारती, बाबूलाल गुप्ता, रघुनाथ सैनी, गोपाल मंगलानी, नारायण मंगलानी, बाबूलाल हलवाई,देशराज गुरुजी, दिव्या भारती, मनीषा भारती, सीता देवी, रंजनी भारती,राजकुमारी, कमलादेवी, ईश्वरी कौर, रानी कौर, पदम मंगलानी, मनोज खजनानी, रूपचंद भारती, पंकु,अशोक शर्मा, श्रीमती तारादेवी, राधेश्याम आड़तानी, घनश्याम बच्चानी, इंद्र कुमार सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ढाना गांव में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस



मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** कामां -भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष याकुब खान राजपूत के निवास स्थान ग्राम ढाना में कामां ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता में संयोजक युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय श्री विपुल गोपालगढ़ जी के मार्गदर्शन में बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास पूर्वक मिठाई खिलाकर ठंडा पिलाकर भारत माता के भाजपा के जय कारों के साथ मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस जिसमें ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष सतपाल सिंह बूथ अध्यक्ष नवल सिंह राजपूत महाराज सिंह भूदेव बघेला प्रत्येक पंचोली माहिर खान वहीद खान कामिल खान राजपूत अफजल खान कलीम खान राजपूत जिसमें सभी बूथ अध्यक्ष दर्जनों प्रमुख वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित है। आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विशेष चर्चा की गई । कार्यक्रम सहसंयोजक एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकुब खान राजपूत ने बहुत ही शानदार तरीके से अपने घर पर लहराया भाजपा का झंडा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं ने मनाया भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस का जश्न भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा किया जाएगा बाइक रैली और सफाई का कार्यक्रम 10 तारीख मंडल कैथवाड़ा में समय 11:00 बजे होगा ईद मिलन समारोह

# वन मंत्री संजय शर्मा ने की बाबा धोकल नाथ आश्रम के वार्षिकोत्सव में शिरकत

### धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति के प्रतीक- वन मंत्री शर्मा



मरुधर विशेष

**मुंडावर (सुनील मेघवाल)** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा रविवार को मुंडावर के ग्राम छापुर स्थित बाबा धोकलनाथ जी आश्रम में आयोजित वार्षिक मेले में शिरकत कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंत्री शर्मा ने मंदिर में धोक लगाकर रामनवमी की प्रदेशवासियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति की पहचान है इन आयोजनों से सामाजिक सद्भाव व भाईचारा बढ़ता है। संत समुदाय के बताए मार्ग पर चलकर धार्मिक सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।उन्होंने बाबा योगेंद्र नाथ से आशीर्वाद लिया। इस दौरान तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ, अलवर दक्षिण जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, अलवर नगर निगम के पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, पं. जले सिंह सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति व बड़ी संख्या में श्रद्धांलु मौजूद रहें।

# रामगढ़ में भगवान राम के रामनवमी भव्य जुलूस निकाला और कीर्तन भजन और भंडारा



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: गांव रामगढ़ में भगवान राम के रामनवमी भव्य जुलूस निकाला और कीर्तन भजन और भंडारा हजारों की तादाद में राम भक्त जुलूस में शामिल हुए राम राम के भक्ति में रम सब भक्त भगवा ही भगवा लहराया राम भक्त के सहयोग से बांसुरिया भाई राम सिंह भाई प्रवीण भाई रघुवीर सिं कैलाश भाई भावजी भाई लाला भाई भारत भाई प्रहलाद सिंह अर्चन भाई सुखराम भाई बहादुर भाई रूपचंद महाराज विठ्ठल महाराज थावरा महाराज सभी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# माता जी की पूजा बूंदी जिले के लिए सुख समृद्धि की कामना

मरुधर विशेष

**बूंदी** महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने मोती महल स्थित आशापुरा माताजी का विधि विधान से किया अष्टमी पूजन ।बूंदी जिले के निवासियों के लिए की सुख-समृद्धि की प्रार्थना महाराव राजा ने बताया कि मोती महल (रावला ) स्थित आशापुरा माता का इतिहास काफी प्राचीन है आशापुरा माता जी के मंदिर का निर्माण 1626 ईसवी में राव रतन सिंह जी ने करवाया था तथा मूर्ति की स्थापना 1627 ईस्वी में हुई थी महाराव राजा ने बताया कि नवरात्री मतलब नौ रात और नौ दिन माता रानी के अलग- अलग स्वरूपों की पूजा के लिए मनाए जाते हैं. मां दुर्गा का हर रूप एक अलग मतलब रखता है आशापूर्णा, शाकंभरी, आर्दशक्ति, रक्तदंतिका, जोगणिया, कालिका, विंध्यवासिनी, दुर्गा सहित अनेक नाम है और इन नौ के नौ रूप का अर्थ है शक्ति और मजबूती. नवरात्री में अष्ठमी का सर्वाधिक महत्त्व है मुख्यतय यह कुलदेवी का दिन माना जाता है इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना करने का विधान है।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वेंष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732